# मेक इन इंडिया की बड़ी कामयाबी...एपल ने भारत में बनाए 14 अरब डॉलर के आईफोन

## अब देश में ही बन रहा है दुनिया में बिकने वाला हर सातवां आईफोन

**नई दिल्ली।** भारत में आईफोन का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, एपल ने 2023-24 के दौरान भारत में 14 अरब डॉलर के आईफोन बनाए। यह सरकार के मेक इन इंडिया कार्यक्रम के लिए बड़ी कामयाबी है। रिपोर्ट के मुताबिक, एपल दुनियाभर में बिकने वाली कुल आईफोन का 14 फीसदी उत्पादन भारत में कर रही है। इसका मतलब यह है कि कंपनी भारत में हर सातवां आईफोन बना रही है। भारत में एपल के उत्पादन को बढ़ाने में ताइवान की दिग्गज की टेक कंपनी फॉक्सकॉन और पेगाट्रॉन की बड़ी भूमिका रही है। ब्यूरो



### फॉक्सकॉन का 67 फीसदी हिस्सा

*रिपोर्ट के मुताबिक, एपल की कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग करने वाली फॉक्सकॉन ने करीब 67 फीसदी व पेगाट्रॉन कॉर्प ने लगभग 17 फीसदी आईफोन भारत में बनाए। बाकी आईफोन विस्ट्रॉन कॉर्प ने कर्नाटक प्लांट में बनाए हैं। टाटा समूह ने इस प्लांट का अधिग्रहण किया था।*

### चाइना प्लस वन की रणनीति पर काम कर रही एपल

अमेरिका से पिछले कुछ समय से चल रहे तनाव के बीच एपल अपनी आपूर्ति श्रृंखला में विविधता के लिए चीन से बाहर कुछ विनिर्माण प्लांट लगाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, इस समय चीन ही दुनिया में सबसे ज्यादा आईफोन बनाने वाला केंद्र बना हुआ है।